# केस स्टडी-12/2025

जारी तिथि : 08.04.2025

**CBC दोष**

**घटनाक्रम:-** दिनांक 07.04.2025 को मध्य रेल्वे के नागपुर मंडल में ट्रेन नंबर 12722, लोड -22 बोगी, लोको नं. 37203/WAP-7/RPM के साथ ALP ने नागपुर स्टेशन में लोको निरीक्षण दौरान पाया कि CBC लॉकिंग पीन जगह पर से निकला हुआ है, इसकी सूचना TLC एवं ऑन ड्यूटी C&W स्टाफ को दी गई। TRS स्टाफ, C&W स्टाफ और पॉइंटमैन द्वारा CBC लॉक पिन को लॉक करने की कोशिश की गई परन्तु होल मैच न होने के कारण नहीं लगा। पॉइंटमैन ने बताया कि CBC टॉगल ठीक से नहीं गिरा है, लोको को कपलिंग करने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। पॉइंटमैन ने इंजन को अलग करके फिर से जोड़ने के लिए कहा, आउटडोर Dy SS और TLC को यह जानकारी दी गई। आदेशानुसार लोको को लोड से अनकपल करके फिर से कपल किया गया, जिसकी वजह से गाडी विलम्ब हुई और समयपालन में हानि हुई।

## संभावित कारण:-

✓ कर्मीदल द्वारा हॉल्ट पर CBC लॉकिंग पीन को देखने में विफल रहना।





## उपरोक्त घटना से सबक:- लोको का चार्ज लेते समय चेक करें कि-

- CBC में कोई क्रेक तो नहीं है तथा लॉकिंग पीन व ऑपरेटिंग हैंडल सही से लगा है।
- लोको का चार्ज लेते समय चेक करें कि रेल गार्ड, कैटल गार्ड में कोई क्रेक तो नहीं है तथा उसके फाउन्डेशन बोल्ट सही तरह से लगें हैं।
- चेक करें कि दोनों ओर के लुक आउट ग्लास साफ़ तथा क्रेक नहीं है।
- चेक करें कि हेड लाइट, मार्कर लाइट, फ्लेशर लाइट जल रहे हैं तथा उनकी कांच साफ़ है व क्रेक नहीं है।
- चेक करें कि इलेक्ट्रिकल जम्पर के सॉकेट पर कवर लगा है ( UIC, IVC, MU आदि )।
- दोनों छोर के MR, BC, BP तथा FP पाइप ठीक से लगे हैं तथा उनके एंगल कॉक बंद है तथा BP तथा FP के एडिशनल कॉक खुले हैं।
- चेक करें कि ट्रैक्शन लिंक ठीक से लगे हैं तथा उनके 6-6 बोल्ट ठीक तरह से लगे हैं।
- चेक करें कि अंडर ट्रक /गियर में लगे सभी सेफ्टी फिटिंगस सही लगें हैं तथा कहीं भी कोई क्रेक तो नहीं हैं।

**नोट:** केस स्टडी केवल कर्मीदल को काउन्सलिंग देने के उद्देश्य से तैयार की गई है, इसे काउन्सलिंग के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए मान्य नहीं होगा।

(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।